web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार, 17 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 198

## प्रधानमंत्री ने गुजरात के मोरबी में हनुमान जी की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के मोरबी में हनुमान जी की 108 फीट की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर मां कंकेश्वरी देवी जी भी उपस्थित थीं।

प्रधानमंत्री ने हनुमान जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि मोरबी में हनुमान जी की 108 फीट की प्रतिमा का समर्पण दुनिया भर में हनुमान जी के भक्तों के लिए एक प्रसन्नता का अवसर है। उन्होंने हाल के दिनों में कई बार श्रद्धालुओं और आध्यात्मिक गुरुओं का सानिध्य मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने हाल ही में एक के बाद एक उनिया मां, माता अंबा जी और अन्नपूर्णा जी धाम से जुडऩे के अवसरों का उल्लेख किया। उन्होंने इसे हरि कृपा कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के चारों कोनों में ऐसी चार प्रतिमाएं स्थापित करने की परियोजना एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया कि हनुमान जी अपनी सेवा भावना से सभी को एक करते हैं और सभी को उनसे प्रेरणा मिलती है। हनुमान जी उस शक्ति के प्रतीक हैं जिसने वनवासी जनजातियों को गरिमा और अधिकार प्रदान किया। उन्होंने कहा, हनुमान जी एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रमुख सूत्र हैं।

इसी तरह, प्रधानमंत्री ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि राम कथा, जो पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों और भाषाओं में आयोजित की जाती है, सभी को भगवान की भक्ति के एक के रूप में बांधती है। मोदी ने बल देते हुए कहा कि यह हमारी आध्यात्मिक विरासत, संस्कृति और परंपरा की शक्ति है जिसने गुलामी के कठिन दौर में भी अलग-अलग हिस्सों को एकजुट रखा। इसके माध्यम से स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय प्रतिज्ञा के एकीकृत प्रयासों को मजबूत किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों के उतार-चढ़ाव के बावजूद, हमारी सभ्यता और संस्कृति ने भारत को स्थिर रखने में बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा विश्वास और हमारी संस्कृति की धारा सद्भाव, समानता और समावेश की है। यह इस तथ्य में सबसे अच्छी तरह से परिलक्षित होता है कि भगवान राम ने पूरी तरह से सक्षम होने के बावजूद, अपने कार्यों को पूरा करने के लिए सभी की क्षमता का उपयोग किया। मोदी ने संकल्प की पूर्ति के लिए सबका प्रयास की भावना का आह्वान करते हुए कहा कि राम कथा सबका साथ-सबका प्रयास का सबसे अच्छा उदाहरण है और हनुमान जी इसका एक महत्वपूर्ण अंग हैं।

गुजराती भाषा में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने केशवानंद बापू और मोरबी के साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया। उन्होंने मच्छू बांध दुर्घटना के संदर्भ में हनुमान धाम की भूमिका का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के दौरान मिली सीख से कच्छ भूकंप के दौरान भी मदद मिली। उन्होंने मोरबी की सहजता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आज उद्योगों का फलता-फूलता केंद्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर हम जामनगर के पीतल, राजकोट के इंजीनियरिंग और मोरबी के घड़ी उद्योग को देखें, तो यह मिनी जापान जैसा महसूस होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा धाम ने काठियावाड़ को पर्यटन का केंद्र बना दिया है। उन्होंने माधवपुर मेला और रण उत्सव का भी उल्लेख किया जिससे मोरबी को अत्यधिक लाभ मिलता है।

मोदी ने स्वच्छता अभियान और वोकल फॉर लोकल अभियान के लिए श्रद्धालुओं और संत समाज की सहायता लेने के अपने अनुरोध को दोहराते हुए अपने संबोधन का समापन किया।

आज जिस प्रतिमा का अनावरण किया गया, वह प्हनुमानजी4धाम परियोजना के एक हिस्से के रूप में देशभर में चार दिशाओं में स्थापित की जा रही 4 मूर्तियों में से दूसरी है। इसे पश्चिम में मोरबी में परम पूज्य बापू केशवानंद जी के आश्रम में स्थापित किया गया है।

इस श्रृंखला की पहली प्रतिमा 2010 में उत्तर में शिमला में स्थापित की गई थी। दक्षिण में रामेश्वरम में प्रतिमा पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़, सेना का जवान हुआ शहीद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कोकरनाग में आज सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। घटना कोकरनाग दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की बताई जा रही है। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को कोकरनाग में सुरक्षाबलों ने पूर्वनियोजित तरीके से एक विदेशी आतंकी टीआरएफ कमांडर को फंसा लिया था। इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग हुई। जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया है। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन अभी जारी है

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों ने आईईडी को नष्ट किया

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने शनिवार तडक़े राजौरी-गुरदान सडक़ के किनारे रखी गई एक आईईडी को नष्ट कर आतंकवादी हमले की साजिश नाकाम कर दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के मुताबिक, राजौरी-गुरदान सडक़ पर गुरदान चावा गांव में शुक्रवार रात कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस और सेना के जवानों के संयुक्त दलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान उन्हें सडक़ किनारे रखी एक संदिग्ध वस्तु के बारे में पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि जांच करने पर यह वस्तु आईईडी निकली, जिसके बाद बम निरोधक दस्ते ने इसे अपने कब्जे में ले लिया और मानक संचालन प्रक्रिया के बाद नष्ट कर दिया। प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### तमिलनाडु : चिथिरई उत्सव के दौरान मची भगदड़, दो लोगों की मौत, आठ घायल

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के मदुरई में चिथिरई उत्सव के दौरान वैगई नदी में भगवान कल्लाझगर के प्रवेश को देखने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान भगदड़ मच गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हो गए। इसकी जानकार तमिलनाडु पुलिस ने दी। कोविड -19 प्रतिबंध के कारण यह आयोजन दो साल के अंतराल के बाद हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, मृतक में एक अधेड़ उम्र के पुरुष और एक महिला शामिल है। जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं 8 लोग घायल है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को 1 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

### उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 5 लोगों की हत्या से हडक़ंप मच गया है। एक ही परिवार के लोगों की हत्या की खबर से इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। मर्डर की ये सनसनीखेज वारदात नवाबगंज में घटित हुई है, जहां 42 वर्षीय राहुल तिवारी, उनकी पत्नी 38 वर्षीय प्रीति और तीन बेटियों की हत्या कर दी गई। बेटियों की उम्र 12 साल, 7 साल और 5 साल बताई जा रही है। हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कौशांबी का रहने वाला परिवार नवाबगंज के खागलपुर गांव में किराए पर रहता था। हत्या की सूचना पर नवाबगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डाग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया है।

## बीते 24 घंटों में सामने आए 975 नए मामले, दर्ज हुई चार लोगों की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना के 975 नए मामले सामने आए हैं। ये जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को दी। जानकारी के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 4 लोगों की मौत हुई है, जिससे मरने वालों की संख्या बढक़र 5,21,747 हो गई है।

कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढक़र 11,366 हो गई है। देश की पॉजिटिविटी रेट 0.03 प्रतिशत है। बीते 24 घंटे में कुल 796 मरीज ठीक हुए हैं, जिससे महामारी की शुरूआत से अब तक रिकवर हुए मरीजों की कुल संख्या बढक़र 4,25,07,834 हो गई है। नतीजतन, भारत की रिकवरी रेट 98.76 प्रतिशत है।

देशभर में कुल 3,00,918 कोरोना टेस्ट किए गए। भारत ने अब तक 83.14 करोड़ से ज्यादा कोरोना टेस्ट किए हैं। देश में वीकली पॉजिटिविटी रेट 0.26 प्रतिशत है, हालांकि डेली पॉजिटिविटी रेट 0.32 प्रतिशत है। भारत का कोरोना टीकाकरण कवरेज अंतिम रिपोटरे के अनुसार सुबह 7 बजे तक 186.38 करोड़ से अधिक हो गया है, यह 2,26,92,417 सत्रों के माध्यम से हासिल किया गया है। इस आयु वर्ग के लिए टीकाकरण अभियान की शुरूआत के बाद से 2.40 करोड़ से अधिक किशोरों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज दी गई है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास 20.60 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज अभी भी उपलब्ध हैं।

## एक ही ट्रैक पर आई दो ट्रेनें, पटरी से उतरी 3 बोगियां



**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के माटुंगा रेल हादसे की वजह से अन्य ट्रेनों के संचालन में बाधा आ गई है। शुक्रवार देर रात पुडुचेरी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरने के बाद फिलहाल इस रूट पर धीमी गति से चलने वाली ट्रेने को ही संचालन की इजाजत हैं और तेज रफ्तार ट्रेनों को बंद किया गया है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात मुंबई के माटुंगा में एक बड़ा रेल हादसा होने से बच गया। रात करीब पौने 10 बजे पुडुचेरी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इसकी वजह से इस लाइन पर चलने वाली अन्य ट्रेनों के संचालन में बाधा आ गई है। कई एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किये गए हैं।

दरअसल माटुंगा और दादर स्टेशन के बीच एक ही पटरी पर दो ट्रेन गदक एक्सप्रेस और पुडुचेरी एक्सप्रेस आपस में टकरा गई, लेकिन ट्रेनों की गति धीमी होने से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। शुरूआती जानकारी के मुताबिक ट्रैक बदलने के दौरान दो एक्सप्रेस ट्रेनों के डिब्बे एक दूसरे से टकराए जिसकी वजह से पटरी से डिब्बे उतर गए। मध्य रेल के एक अधिकारी के अनुसार यह घटना ट्रेन के दादर टर्मिनस से पुडुचेरी के लिए रवाना होने के बाद रात करीब पौने 10 बजे हुई और इसमें किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।

वहीं सेंट्रल रेलवे, मुंबई के एपीआरओ शिवजी एम सुतार ने बताया कि कुछ ट्रेन स्लो की गई हैं। रेलवे सीपी कैसर खालिद मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। रेलवे लाइन अब नार्मल है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि पटरी से उतरने से पहले दो एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे आपस में भिड़ गए। घटना होने पर कुछ यात्रियों को एक दूसरे को सचेत करते हुए भी सुना जा सकता है। फिलहाल माटुंगा रेलवे स्टेशन पर हुए ट्रेन के हादसे के बाद डिब्बों को पटरी पर वापस ला दिया गया है। लेकिन पटरी और रूट पर ट्रेनों संचालन में अभी कुछ और समय लगने की उम्मीद है।

## कश्मीरी पंडितों के हत्यारे बिट्टा कराटे मामले की सुनवाई 10 मई तक टली



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कश्मीरी पंडितों व अन्य लोगों को मौत के घाट उतारने वाले दरिंदा व हत्यारा फारूक डार उर्फ बिट्टा कराटे मामले की सुनवाई 10 मई तक टाल दी गई है। कश्मीरी पंडित सतीश टिक्कू की हत्या के 31 साल बाद उनके परिजनों ने स्थानीय अदालत में आवेदन देकर दर्ज प्राथमिकी पर औपचारिक सुनवाई की मांग करते हुए आरोप पत्र दाखिल करने का आग्रह किया था।

श्रीनगर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सतीश के भाई महाराजा कृष्ण टिक्कू की याचिका पर सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की थी। जेकेएलएफ नेता बिट्टा कराटे पर सतीश टिक्कू की हत्या का आरोप लगा था।

सतीश टिक्कू की हत्या और कश्मीरी पंडितों का पलायन

साल 1990 में सतीश टिक्कू की हत्या कर दी गई थी। इसका आरोप बिट्टा कराटे पर लगा था। 1991 में बिट्टा कराटे ने स्वीकार किया था कि उसने अपने दोस्त सतीश टिक्कू समेत दर्जनों कश्मीरी पंडितों को मार डाला और कश्मीरी पंडितों को घाटी से पलायन करने पर मजबूर कर दिया।

3 साल से जेल में बंद है बिट्टा

साल 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी फंडिंग के एक मामले में बिट्टा को गिरफ्तार किया गया था। वह तब से जेल में है। इससे पहले नवंबर 1990 और 2006 के बीच हत्या व अन्य विभिन्न आरोपों में लगभग 16 वर्षों तक जेल में रहा था। 2006 में टाडा अदालत ने उसके खिलाफ आरोप तय करने में अत्यधिक देरी के आधार पर जमानत दी थी।

द कश्मीर फाइल्स फिल्म में आतंकी बिट्टा की हैवानियत और लोगों को भडक़ाने वाला इंटरव्यू दिखाया गया है। उसने इंटरव्यू में बेखौफ होकर कश्मीरी हिंदुओं की हत्या की बात कबूली है। वह बताता है कि उसने करीब 20 लोगों को मौत के घाट उतारा। इसमें कश्मीर पंडित और मुसलमान भी शामिल हैं। वह बताता है कि उसने सबसे पहले सतीश कुमार टिक्कू को मारा, जोकि कश्मीरी पंडित परिवार से ताल्लुक रखता था।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कुछ दिन पहले कहा था कि आतंकी बिट्टा कराटे ने पुलिस की पूछताछ में 20 के करीब लोगों की हत्या की बात कबूली थी, लेकिन पुलिस के सामने यह किया गया कबूलनामा कोर्ट में मंजूर नहीं किया जाता। बाद में उसके खिलाफ किसी ने कोई गवाही नहीं दी।

## हनुमान जन्मोत्सव के दौरान शोभा यात्रा पर हुआ पथराव, पुलिसकर्मियों समेत कई लोग हुए घायल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकालते समय दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में दो पक्षों के बीच हंगामा हो गया। देखते ही देखते हंगामा इतना बढ़ गया कि शोभा यात्रा में ही दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे पर पथराव किया गया।

इस घटना के दौरान पुलिसकर्मियों समेत कई लोगों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार घायलों को जहांगीरपुरी से बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। उपद्रवियों की पहचान करने के लिए पुलिस इलाके के सीसीटीवी भी खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## हुनर हाट से कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन में आई है आर्थिक क्रांति : नकवी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हुनर हाट स्वदेशी उत्पादों को संरक्षित, सुरक्षित करने, बढ़ावा देने के लिए एक विश्वसनीय और पसंदीदा मंच है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के एमएमआरडीए ग्राउंड में 16 से 27 अप्रैल, 2022 तक 40वें हुनर हाट का आयोजन किया जा रहा है।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर कल सुबह इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आज मुंबई में 40वें हुनर हाट की खास विशेषताओं के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि 31 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 1,000 से अधिक कारीगर और शिल्पकार इसमें भाग ले रहे हैं और विभिन्न प्रकार के सामानों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, नगालैंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, बिहार, आंध्र प्रदेश, झारखंड, गोवा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल और देश के अन्य स्थानों के कारीगर एवं शिल्पकार मुंबई के हुनर हाट में स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कि हस्तशिल्प, शिल्प कौशल से जुड़े परिवारों की युवा पीढ़ी मुख्य रूप से बाजारों की कमी के कारण अपनी पारंपरिक पुश्तैनी विरासत से दूर होने लगी है। उन्होंने कहा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी कारीगरों और शिल्पकारों की पुश्तैनी विरासत के संरक्षण, रक्षण और प्रचार के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। हुनर हाट जैसे कार्यक्रम कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी पुश्तैनी विरासत को जबरदस्त अवसर प्रदान करके उन्हें आगे बढ़ाने में सक्षम बनाते हैं। हुनर हाट की सफलता के बारे में, नकवी ने कहा कि हुनर हाट ने कलाकारों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जुडऩे में मदद की है। आज 'हुनर हाट' का हर कारीगर और शिल्पकार बड़ी संख्या में स्वदेशी उत्पाद बेच रहा है और इससे कारीगरों एवं शिल्पकारों के जीवन में आर्थिक क्रांति आई है।

नकवी ने कहा कि हुनर हाट कारीगरों, विशेषकर महिला कारीगरों की प्रेरक कहानियों से भरा है, जो न केवल खुद आत्मनिर्भर हुई हैं बल्कि हुनर हाट से की गई अपनी कमाई के माध्यम से अपने परिवार की भी सहायता की है।

नकवी ने यह भी कहा कि मेरा गांव मेरा देश नामक एक विषयगत फूड कोर्ट स्थापित किया गया है, जहां भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक खाद्य पदार्थों का स्वाद लिया जा सकता है। हाट में 60 से अधिक फूड स्टॉल लगाए गए हैं।

12 दिवसीय हुनर हाट में आने वाले लोग अन्नू कपूर, पंकज उधास, सुदेश भोसले, सुरेश वाडकर, साधना सरगम, अमित कुमार, शैलेंद्र सिंह, शब्बीर कुमार, महालक्ष्मी अय्यर, भूमि त्रिवेदी, कविता पौडवाल, दलेर मेहंदी, अल्ताफ राजा, रेखा राज, उपासना सिंह (कॉमेडी आर्टिस्ट), एहसान कुरैशी (कॉमेडी आर्टिस्ट), भूपिंदर सिंह भूप्पी, रानी इंद्राणी, मोहित खन्ना, प्रिया मलिक, जॉली मुखर्जी, प्रियाना मैत्रा, विवेक मिश्रा, दीपक राजा (कॉमेडी कलाकार), अदिति खांडेगल, अंकिता पाठक, सिद्धांत भोसले, राहुल जोशी, सुप्रिया जोशी, भूमिका मलिक, प्रेमा भाटिया, पॉश जेम्स और अन्य जैसे प्रसिद्ध कलाकारों के विभिन्न संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले सकेंगे। 26 अप्रैल को एक लेजर लाइट शो का आयोजन किया जाएगा और आगंतुक हाट में अन्नू कपूर द्वारा अंताक्षरी का आनंद भी ले सकते हैं। 'हुनर हाट' में प्रवेश नि:शुल्क है।